# डेयरी उधमियों
# का
# संक्षिप्त परिचय




भा. कृ. अनु. प -- राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान
करनाल, हरियाणा १३२००१

# कर्ण शाह

| | | पता | |
|---|---|---|---|
| पिता का नाम | धनी शंकर शाह | गाँव / शहर | कोल्हावी म्युन्सिपलसिटी |
| आयु | २० | पोस्ट / तहसील | कोल्हावी |
| शिक्षा | उच्चमाध्यमिक | मोबाइल | ९८१९२६३०३८ |
| उत्पाद | दूध | ई – मेल | shahkundan99@gmail.com |

## उपलब्धियां

कर्ण शाह नेपाल के निवासी व एक सफल दूध उत्पादक है । नेपाल के बारा जिले में "सम्युक्ता पशु विकास फार्म" के नाम से एक डेरी फार्म का संचालन करते है, जिसको वर्ष २०१५ में व्यायसायिक डेरी फार्मिंग पर प्रक्षिशण लेकर प्रारम्भ किया था । आपने फार्म पर १० जरसी व १५ हॉल्स्टीन फ्रेसियन संकर गाय की नस्लों का संधारण किया हुआ है, जिसमे १६ दुधारू एवं ९ अन्य गाय है । इन पशुओं के आवास के लिए उचित गौशाला का निर्माण किया गया है जिसका क्षेत्र २० x २५ वर्ग मीटर है । संकर नस्लों के पशुओं के स्वस्थ सम्भंधित कई विषयों पर राष्ट्रीय डेरी अनुसन्धान संस्थान के वैज्ञानिकों स सुझाव व समाधान प्राप्त किया है । आप के फार्म पर १८० लीटर प्रतिदिन का कुल उत्पादन होता है, जिसे वे अपने क्षेत्र के मिल्क कलेक्शन सेंटर पर देते है । उपलब्धता के अनुसार पशु आहार के रूप में teosinte, बरसीम तथा जौ/ मक्का / चावल की भूसी का उपयोग करते है। इनका डेरी फार्म १००० x ८०० वर्ग मीटर के क्षेत्र में फेला हुआ है जिसकी देखरेख के लिए ५ कर्मचारी नियुक्त है । प्रारम्भिक अवस्था होने के कारण ६०,००० रुपये प्रतिवर्ष का लाभ जुटा पाते है। परन्तु समय के साथ विस्तारित उत्पादन से वे व्यवसाय को आगे बढ़ने की और अग्रसर है ।

# रुमित पटेल

| | | पता | |
|---|---|---|---|
| पिता का नाम | हरीष पटेल | गाँव / शहर | २०१६/बी/२ |
| आयु | २८ वर्ष | पोस्ट/तहसील | विमज/ कड़ी / गुजरात ३८२७१५ |
| शिक्षा | MBA (Finance) | मोबाइल | ९८२५३०५४४० |
| उत्पाद | दूध, घी, पनीर, मठ्ठा एवं दही | ई – मेल | rumitp087@gmail.com |

## उपलब्धियां

श्री रुमित पटेल, पुत्र श्री हरीश पटेल गुजरात में जिला कड़ी के एक सफल डेरी उधमी व डेरी किसान हैं | मार्केटिंग एवं फाइनेंस में MBA करने के बाद आपको स्वयं के व्यवसाय की लालसा थी । बाजार का सर्वेक्षण करने के पश्चात् इन्होने डेरी क्षेत्र चुना । शुरुआत में २० लीटर प्रतिदिन की दर से दूध बाजार में विक्रित किया वउपभोक्ताओं की सकारात्मक प्रतिक्रिया के पश्चात् कारोबार में वृद्धि की । आज १२० गाये व ५० भैंसों का पशुधन हे । आपने राष्ट्रीय डेरी अनुसन्धान संस्थान से व्यवसायिक डेरी फार्मिंग पर प्रशिक्षण प्राप्त कर, एक डेरी फार्म का निर्माण किया हे, जिसमे २०० पशुओं के लिए तीन आधुनिक छप्पर हैं व ५०० लीटर प्रतिघंटे की क्षमता वाली एक डेरी यूनिट हे । आप प्रतिघंटे १२०० लीटर दूध का उत्पाद करते हैं , जिसके लिए २.६ हरिंगबून पार्लर तथा २ बकेट मशीन इस्तेमाल की जाती हे।

आपका पूरा डेरी फार्म स्वचलित हे व पशुओ के लिए जैविक चारा वे स्वयं ही उपजाते हे जिससे पोषण की लागत में कमी व अधिक लाभ अर्जित होता हे। आपने स्वयं की जमा पूंजी से काम शुरू किया व समय के साथ अर्जित लाभ से व्यापार बढ़ाया । आज आप एक प्रबंधक, ३ डेरी प्रचालक, २ सयंत्र चालक व अन्य १२ सहायक कर्मचारियों को रोज़गार प्रदान करते हे।

इस प्राप्त दूध की पैकेजिंग व इसके साथ इससे घी, पनीर, मठ्ठा व दही जैसे दूध उत्पाद बनाकर बी. के. प्रोडक्ट्स के नाम से बेचते हे।

अपने ५ वितरण कर्ताओ की सहायता से पुरे अहमदाबाद शहर में दूध व दूध उत्पाद उपलब्ध कराते हे ।

आज २ करोड, प्रति वर्ष की कमाई के साथ ३. ५ मिलियन की आबादी वाले इस शहर में बी. के. डेरी प्रोडक्ट्स को एक पहचान दिलाई हे, जिसका श्रेय वे अपने उत्पादों की शुद्धता व ग्राहकों की संतुष्टि को देते हैं ।

आने वाले पाँच वर्षो में वे दूध के उत्पादन को १२०० से ४००० लीटर/ प्रतिदिन तक ले जाने का लक्ष्य रखते हे।



# सुनील कौशिक

| | | पता | |
|---|---|---|---|
| पिता का नाम | हरीराम कौशिक | गाँव / शहर | सोहनसरा |
| आयु | ३८ | पोस्ट/तहसील | लोहारू, भिवानी |
| शिक्षा | MA | मोबाइल | ९८९९२१३४०४ |
| उत्पाद | दूध | ई – मेल | |

## उपलब्धियां

सुनील कौशिक हरियाणा राज्य के भिवानी जिले के निवासी है । वर्ष २०१४ में BPD इकाई से प्रशिक्षण लेने के पश्चात "गौधूली " नाम से एक डेरी फार्म का सञ्चालन करते है। आप के पास २५ देसी नस्ल की गाये है जिनमे से १५ दुधारू हैं । इनके निवास क्षेत्र में बुनियादी नांद, स्वच्छ पेयजल व निकासी है। आवास क्षेत्र में सुधार व विस्तार के लिए वे प्रयत्नशील है । इस फार्म की देखरेख के लिए ३ कर्मचारी कार्यरत है । स्थानीय क्षेत्र में देसी वीर्यसेचन स्त्रोत की उपलब्ध्ता ना होने से आपको कठिनाईओ का सामना करना पड़ा है। इसी प्रसंग में आप, भविष्य में अपने जिला में कृत्रिम वीर्यसेचन केंद्र आरंभ कर ग्रामीण क्षेत्र में पशु प्रजनन सम्बंधित जागरूकता लाना चाहते है ।

# श्यामसुन्दर चौरसिया

| | | पता | |
|---|---|---|---|
| पिता का नाम | श्रीराम दास | गाँव / शहर | पादरी बाजार, मानस विहार कॉलोनी |
| आयु | ५२ | पोस्ट/तहसील | गोरखपुर, उ.प्र. |
| शिक्षा | B.Tech, PGD | मोबाइल | ९६१९९०२९७९ |
| उत्पाद | दूध | ई – मेल | ss.chourasia@gmail.com |

## उपलब्धियां

श्याम सुन्दर चौरसिया'उतर प्रदेश के गोरखपुर जिले के निवासी है । श्री चौरसिया जी ने गोरखपुर में "नयन डेरी " के नाम से डेरी फार्म स्थापित किया है जो की ६००० वर्ग फ़ीट के क्षेत्र में फेला हुआ है जिसमे २४०० वर्ग फ़ीट क्षेत्र खुला हुआ व ३६०० वर्ग फ़ीट क्षेत्र छतदार है । शरुआती अवस्था में इन्होने एक साहीवाल व ५ हॉल्स्टीन फ्रेसिअंन नस्ल की गाये ख़रीदी है, जिनसे व ७० लीटर प्रतिदिन दूध उत्पादित कर स्वयं की डेरी पर बेचते है । पशुओं के आहार के लिए हरा चारा, सुखी खली व मिश्रित पशु आहार का उपयोग करते है। पशुओं की देखरेख के लिए ४ कर्मचारी है । पूर्वतः आप ३३ वर्षो तक सीमेंट फैक्ट्री में अपनी सेवाएं देते रहे परन्तु कृषक परिवार से होने के कारण डेरी उद्योग में रुझान आया । वर्तमान में आप २४,००० प्रतिमाह व ४,००,००० प्रतिवर्ष का लाभ अर्जित कर रहे है । भविष्य में आप २०० पशुओ की क्षमता वाले आधुनिक स्वचालित डेरी फार्म के निर्माण की आशा रखते है । श्री चौरसिया जी का मानना है की शुरआत में पशुओ की संख्या कम रख कर, सिखने का प्रयत्न करे , त्तत्पश्चात् विस्तारण करने से कम हानि व अधिक लाभ होगा ।

# ओमप्रकाश सारन

| | | पता | |
|---|---|---|---|
| पिता का नाम | मांगाराम जी | गाँव / शहर | सारनो की ढाणी, अरटवाव |
| आयु | 21 | पोस्ट/तहसील | गुड़ामालानी, बाड़मेर |
| शिक्षा | B.A. | मोबाइल | ९८२८५७३०९८ |
| उत्पाद | दूध घी | ई – मेल | omprakash.saran.m @gmail.com |

## उपलब्धियां

ओम प्रकाश सारन राजस्थान के बाड़मेर जिले के निवासी है । स्नातक स्तरीय शिक्षा के पश्चात रोजगार के सिलसिले में आप टेक्नोसर्व संस्था से जुड़े और इसी संस्थान के सुझाव पर पर आपने राष्ट्रीय डेरी अनुसन्धान संस्थान की BUSINESS PLANNING AND DEVELOPMENT इकाई से दस दिवसीय व्यापारिक डेरी फार्मिंग के संधर्भ में प्रशिक्षण लिया । वर्तमान में श्री सारन, अरटवावगाँव में "श्वेत डेरी फार्म " के नाम से डेरी संचलित करते है । आप के फार्म में २ मुर्राह भैंस व ४ देसी नस्लों की गाये है जिससे ४० लीटर दूध का प्रतिदिन उत्पादन होता है जिसे वे वेंडर की सहायता से घर-घर पहुँचाते है । पशुओ के आहार में वे स्वयं उत्पादित ग्वार की चुरी, बाजरा, इसबगोल व गेंहू की चुरी आदि देते है । अपनी गोशाला की देखरेख परिवार के साथ मिलकर वे स्वयं करते है

# दर्शन सिंह

| | | पता | |
|---|---|---|---|
| पिता का नाम | अजीत सिंह | गाँव / शहर | वी पी ओ पूंडरी |
| आयु | ३४ | पोस्ट/तहसील | पूंडरी कैथल हरियाणा |
| शिक्षा | BA | मोबाइल | ९४१६२५५००२ |
| उत्पाद | दूध | ई – मेल | |

## उपलब्धियां

दर्शन सिंह  हरियाणा में कैथल जिले के निवासी है । आप अपने क्षेत्र में "सिंह डेरी फार्म " के नाम से अपना डेरी फार्म संचालित करते है । आप के पास १० गाये (होल्सटीन फ्रेसिअंन व साहीवाल) तथा १५ मुर्राह भैंस है। इनके फार्म पर कुल ३०० लीटर दूध का उत्पादन होता है जिसके लिए आप वेंशन मिल्किंग मशीन का उपयोग करते है। आप पूंडरी अनाज मंडी में कमीशन एजेंट का कार्य भी करते है । आप ४ वर्षो से डेरी फार्मिंग करते है। आप का डेरी फार्म १००० वर्ग फ़ीट के क्षेत्र में फेला हुआ है। वर्तमान में आपका प्रतिमाह, ५०,००० रुपये का लाभ होता है । भविष्य में वे इसे १५० पशुओ की क्षमता वाला आधुनिक डेरी फार्म के रूप में विस्तारित करने की ओर अग्रसर है ।

# सचित थटइ

| | | पता | |
|---|---|---|---|
| पिता का नाम | विजयकुमार थटइ | गाँव / शहर | १६७६/२, अबोहर |
| आयु | ३४ | पोस्ट/तहसील | अबोहर |
| शिक्षा | MBA finance | मोबाइल | |
| उत्पाद | दूध | ई – मेल | |

## उपलब्धियां

सचित थटइ अभोहर जिले के निवासी है तथा तीन वर्ष पूर्व तक बैंकिंग क्षेत्र में अपनी सेवाएं १० वर्षो से दे रहे थे । तत्पश्चात श्री थटइजी ने फार्म बिज़नेस मैगज़ीन से प्रेरित हो कर डेरी क्षेत्र में अपना उद्योग स्थापित करने का निर्णय लिया । शुरुरात में, मूलभूत जानकारी के लिए आपने इंटरनेट व पुस्तकों का सहारा लिया व २०१३ में TBI / BPD से दस दिवसीय प्रशिक्षण लेकर डेरी फार्मिंग का कौशल सिख । वर्तमान में आप "राधे " डेरी फार्म के नाम से अभोहर में स्वयं का ३५ पशुओ की क्षमता का डेरी फार्म स्थापित किया है जिसका क्षेत्रफल १०,००० वर्ग फ़ीट है। शुरआती वक़्त में आप के पास ४ होल्सटीन फ्रेसिअंन गाये है व ६५ लीटर तक दूध उत्पादन होता है जिसे वे वेरका कंपनी को बेचते है । आप अपने फार्म पर शाफ़्ट कटर , जेनसेट सेल्फ प्रोपेल्ड रिपेर व मिल्किंग मशीन का उपयोग कर रहे है । श्री थटइ जी ने बताया की स्वस्थ व दुधारू गाय का आसानी से मिल पाना कठिन रहा । वे १० लाख रुपए की राशि बैंक से ऋण ले चुके है व इस डेरी फार्म की सुविधाओं तथा पशुधन को बढ़ाने के लिए अग्रसर है ।

# मोहन पुतमबेकर

| | | पता | |
|---|---|---|---|
| पिता का नाम | रामचन्द्र राव | गाँव / शहर | ६४, सिल्वर स्प्रिंग फेज १, बायपास रोड |
| आयु | ५० | पोस्ट/तहसील | इंदौर |
| शिक्षा | ITI | मोबाइल | ७७७२८४१५६५ |
| उत्पाद | दूध | ई – मेल | renuka@rediffmail.com |

## उपलब्धियां

मोहन पुतमबेकर मध्य प्रदेश के इंडोर शहर के निवासी है । वर्ष २०१५ में आपने BPD - TBI से डेरी फार्मिंग पर प्रशिक्षण प्राप्त किया तथा डेरी फार्म की शुरुआत की । आप इससे पूर्व कृषि विज्ञान केंद्र , बारामती से भी प्रशिक्षण लेते रहे है । वर्तमान में आप २९ पशुओ की'मदद से १२५ लीटर प्रतिदिन दूध का उत्पादन करते है । पशुशन आप के पास ८ जर्सी व १० होल्सटीन फ्रेसिअंन दुधारू नस्ल की गाये है तथा अन्य मुर्राह भैंसे है । इन पशुओ का आवास स्थल ४००० वर्ग फ़ीट व डेरी फार्म २५००० वर्ग फ़ीट के क्षेत्र में फेला हुआ है । दूध उत्पादन व प्रसककरण के लिए आप मिल्किंग मशीन, शाफ़्ट कट्टर, बटर चर्नर, खोया मेकिंग मशीन तथा क्रीम सेपरेटर आदि मशीनों का इस्तेमाल कर रहे है । जमीन की खरीद, फार्म के निर्माण व मशीनों के खरीद के लिए आपने बैंक से ऋण लिया था। वर्तमान में आप १५०००-२००००]रुपये तक का लाभ अर्जित करते है जो इनको बैंक ऋण चुकाने में मददगार है ।

# आदित्य गर्ग

| | | पता | |
|---|---|---|---|
| पिता का नाम | सत्यप्रकाश गर्ग | गाँव / शहर | वैर बदशपुर |
| आयु | ४६ | पोस्ट/तहसील | बुलंदशहर सिकंदराबाद , |
| शिक्षा | WPMMT | मोबाइल | ९८१०१०६६९१ |
| उत्पाद | दूध | ई – मेल | hsaditya@hotmail.com |

## उपलब्धियां

आदित्य गर्ग , उतर प्रदेश के बुलंदशाह जिले के निवासी है । वर्ष २०१५ में आपने "श्री नैचरल" के नाम से एक डेरी फार्म की स्थापना की है , डेरी फार्म २ एकड़ के क्षेत्रफल में फेला हुआ है तथा जिसमे पशुओ के आवास के लिए टीनशेड व रबर मैट्स की सुविधा है । आहार में हरी चारी , राष्ट्रीय डेरी अनुसन्धान संस्थान से दिए गए फॉर्मूले के अनुसार मिनरल मिक्सचर और कैल्शियम हेय का प्रयोग करते है । आपके पास संकर व देसी पशुधन है जिससे ८० लीटर प्रतिदिन दूध उत्पादित होता है । भविष्य में आप इसे ५०० लीटर तक ले जाना चाहते है और बैंक से ऋण लेने के लिए प्रयासरत है । पूर्वतः आप डिप्टी CVO के पद पर अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे थे ।

# राकेश खन्ना



| | | पता | |
|---|---|---|---|
| पिता का नाम | बृजमोहन खन्ना | गाँव / शहर | ९६/१११, भयगाओं |
| आयु | ५१ | पोस्ट/तहसील | मालेगांव, नासिक महाराष्ट्र |
| शिक्षा | | मोबाइल | ९८९२२१८०९४ |
| उत्पाद | दूध | ई – मेल | colortex@rediffmail.com |

## उपलब्धियां

राकेश खन्ना महारष्ट्रा के नासिक शहर के रहने वाले है वर्ष २००९ में आपने गोविंद के नाम से नासिक में अपना डेरी फार्म स्थापित किया । राष्ट्रीय डेरी अनुसन्धान संस्थान की TBI इकाई से आपने दस दिवसीय व्यापारिक डेरी फार्मिंग के संधर्भ में प्रशिक्षण लिया है । पशुधन में आपके पास २६ पशु है जिनमे से दुधारू पशुओ में; एक मुरोह व २ जाफराबादी भैंसे , ८ देसी गाये तथा २ संकर नस्ल की गाये है । इनके आहार के लिए आप ज्वार, गन्ने व मक्का की चारी का उपयोग करते है । प्रति ३ माह में टीकाकरण व समय समय पर पशु चिकित्सक से प्रशिक्षण करवाते है । इनका फार्म, १०००० वर्ग फ़ीट के क्षेत्र में फेला है । श्री खन्ना जी ने पशुओ के आहार व हरे चारे की उपलब्ध्ता व लागत की असुविधाओं के कारण स्वयं चारे की पैदावार करने का निर्णय लिया है व अन्य किसानों को भी सुझाव दिया है ।

# रामदत्त शुक्ला

| | | पता | |
|---|---|---|---|
| पिता का नाम | ज्योतिन्द्र शुक्ला | गाँव / शहर | परब |
| आयु | ४३ | पोस्ट/तहसील | कामरेज, सूरत,गुजरात |
| शिक्षा | | मोबाइल | ९९०९०८६५०५ |
| उत्पाद | दूध | ई – मेल | ramdatt4bank@yahoo.com |

## उपलब्धियां

राम दत्त शुक्ला गुजरात के सूरत शहर के रहने वाले है । वर्ष २०१४ में आपने "कृषि मैत्रा " नाम से एक संस्थान की स्थापना की थी । राष्ट्रीय डेरी अनुसन्धान संस्थान की TBI /BPD इकाई से प्रशिक्षण लेने के पश्चात आपने कई डेरी फार्म का निजी रूप से निरिक्षण किया । आपका डेरी फार्म ८० मीटर वर्ग फ़ीट के क्षेत्रफल में फेला हुआ है तथा ७० संकर नस्ल की गायों का संचालन करता है । इन ७० गायों से प्रतिदिन करीब ७०० लीटर दूध उत्पादित है । पशुओ के आहार में विटामिन, कैल्शियम व अन्य मिनरल मुख्य रूप से ध्यान रख गया है । इन पशुओ की देखरेख के लिए १० कर्मचारी नियुक्त है । उत्पादित दूध को आप पुरे सूरत शहर में घरेलू स्तर पर वितरित करते है । भविष्य में आप दुग्ध उत्पादों का विक्रय करने में भी रखते है ।

# आशुतोष कौशिक

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | पता | |
| पिता का नाम | | गाँव / शहर | |
| आयु | | पोस्ट/तहसील | |
| शिक्षा | | मोबाइल | |
| उत्पाद | दूध | ई – मेल | |

## उपलब्धियां

आशुतोष कौशिक हरियाणा के पंचकूला क्षेत्र के डेरी फार्मर है । वर्ष २०१४ में BPD /SINED -TBI से सात दिनों के प्रक्षिशण के पश्चात आपने १ गाय से अपने डेरी फार्म की शुरुआत की व वर्तमान में १५ दुधारू पशु है जिनमे हॉल्स्टीन फ्रेसिअंन, जरसी व साहीवाल शामिल' हैं । इनसे आप १००० किलो दूध का उत्पादन करने में सक्षम है । कूल उत्पादन में से, ८० लीटर दूध ग्राहकों को ४५ रुपए/लीटर की दर से वितरित करने के लिए, २० लीटर दूध दुग्ध पदार्थ बनने में उपयोग में लिया जाता है । पशुओ के आवास की सुविधा २२७५ वर्ग फ़ीट में व फार्म का क्षेत्रफल २८० वर्ग फ़ीट में है । दूध उत्पादन के लिए आप मानव चलित मिल्किंग मशीन व डीपफ्रीजर का इस्तमाल करते है । मिल्किंग कौशिक डेरी फार्म पर दूध का विक्रय किया जाता है । वार्षिक रूप से ५,५०,००० रुपये का लाभ अर्जित होता है ।

# संजीव सिंह

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | पता | |
| पिता का नाम | जय सिंह | गाँव / शहर | नगला |
| आयु | ४२ | पोस्ट/तहसील | करनाल |
| शिक्षा | 'उच्च माध्यमिक | मोबाइल | ९७२९७४३७८७ |
| उत्पाद | दूध दही पनीर बर्फी लस्सी | ई – मेल | |

## उपलब्धियां

संजीव , नंगला गाँव, हरियाणा राज्य के निवासी है तथा मिष्ठी फार्मर प्रोड्सर कंपनी के संस्थापक है । इसके अंतर्गत वे पनीर, व्हे ड्रिंक, दही, बर्फी व खोया उत्पादित करते है । वर्ष २०१५ में आपने SINED TBI से दस दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त किया व २०१४ में अपना पहला उत्पाद मिष्ठी - पनीर व व्हे ड्रिंक के नाम से लांच किया । अभी आप राष्ट्रीय डेरी अनुसन्धान संस्थान की BUSINESS PLANNING AND DEVELOPMENT UNIT के इन्क्यूबेशन कार्यक्रम के उभरते डेरी उधमी है । किसी भी उधोग के शुरूआती संचालन में होने वाले संघर्षो व असफलताओं की संभवनाओं को कम करने में बपद इकाई ने इनका भरपूर सहयोग किया है।

उच्च माध्यमिक शिक्षा पश्चात आप ने स्नातक करने का निर्णय लिया, परन्तु वर्ष में यह अनुभव किया की वे औपचारिक शिक्षा के स्थान पर किसी नवीन तकिनिको पर आधारित उद्योग करने में अधिक रूचि रखते है । जिसके लिए इन्होने पहले कृषि उत्पादन को चुन व कृषि विज्ञान केंद्र, राष्ट्रीय डेरी अनुसन्धान संस्थान से २००४ में जुड़े तथा बेबी कॉर्न व मशरूम की खेती की थी । समय समय पर दी गयी सलाह व मदद के साथ ६ वर्षो तक सफल उत्पादक बने व अपने उत्पाद को उत्तरीय भारत में विस्तारित किया।

## उपलब्धियां

२०१३ में जब DENONE कंपनी ने आप को सफल कृषक के रूप में चुन कर, दूध चिल्लिंग प्लांट स्थापित करने का प्रस्ताव दिया। आपने बाजार सर्वेक्षण से यह आभास की इतनी बड़ी रकम किसी अन्य कंपनी के लिए न लगा कर वे खुद एक डेरी उद्यमी बन सकते हैं । इसी विचार पर आपने SINED - TBI सोसाइटी व BPD के सहयोग से दूध एवं दुग्ध उत्पादों के तकनीकी रूप से उत्पादन पर प्रशिक्षण प्राप्त किया तथा २ वर्षो से इन्क्यूबेशन कार्यविधि से अपना व्यापार संचालित कर रहे है । आप मामूली कीमतों पर BPD इकाई की मूलभूत सुविधाओं व यंत्रो को उत्पादन व पैकेजिंग के लिए उपयोग कर रहे हैं । अपने उत्पादों का , राष्ट्रीय डेरी अनुसन्धान संस्थान के मिल्क पार्लर, पचायत समिति व जिला के अन्य बाजारों में आपूर्ति तथा वितरण करते है । शुरुआती दौर में लाभ का प्रतिशत कम रहा परन्तु वर्तमान में कंपनी का वार्षिक लाभ २० लाख है । आप इसे सालाना एक करोड़ तक ले जाने के लिए प्रयासरत है। आप का सुझाव आगंतुक प्रक्षिक्षो के लिए यही है की डेरी एक उभरता हुआ उद्योग है जिसमे लोगो के पास निवेश करके उद्योग स्थापित करने के लिए कई नयी अवसर है ।

# ईशान आहूजा

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | पता | |
| पिता का नाम | वजीर चंद | गाँव / शहर | १२४, सेक्टर १८ हुडा जगादरी |
| आयु | ३९ | पोस्ट / तहसील | यमुनानगर |
| शिक्षा | | मोबाइल | ७२८६७८४२४ |
| उत्पाद | | ई – मेल | ahuja_24@yahoo.com |

## उपलब्धियां

ईशान आहूजा, हरियाणा राज्य के एक उभरते कुल्फी के उत्पादक है वर्ष २०१४-१५ में राष्ट्रीय डेरी अनुसन्धान संस्थान के BPD इकाई में आपने दूध एवं दूध उत्पादकों पर प्रशिक्षण लिया व कुल्फी उत्पादन का फैसला लिया।
आपके उत्पाद की नवीनता यह हे की इसमें कोई भी रासायनिक व कृत्रिम परिरक्षकों का उपयोग नहीं किया गया है। आप प्राकृतिक परिरक्षकों का उपयोग करके १४ अलग-अलग प्रकार की कुल्फियां बनाते हैं ।
आपने कंप्यूटर विज्ञान में परास्नातक व पी। एच। डी स्तर की शिक्षा प्राप्त की है । तत्पश्चात दस वर्षो तक शैक्षणिक संस्था में कार्यरत रहे । राष्ट्रीय डेरी अनुसन्धान संस्थान की BPD इकाई से दस दिवसीय प्रशिक्षण क पश्चात प्रौध्योगिकी व्यवसाय ऊष्मायन कार्यविधि में अपना व्यवसाय संचालित कर रहे हैं। कुल्फी'के साथ ही आप मिल्की जॉय के नाम से आईसक्रीम और दहो के उत्पादन की योजना तैयार कर रहे है । वे विशिष्ट रूप से कुल्फी के उत्पाद में संभव विविधता व व्यापकता को प्रोत्साहित करने में अग्रसर है ।

# आफताब मरेडिया

| | | पता | |
|---|---|---|---|
| पिता का नाम | श्री मरेडिया | गाँव / शहर | लिंकवे अपार्टमेंट, |
| आयु | | पोस्ट / तहसील | वेस्ट मुंबई ४०००५२ महाराष्ट्रा |
| शिक्षा | B.Sc. | मोबाइल | ९८२००७७२३९ |
| उत्पाद | दूध , लस्सी छाछ श्रीखंड बासुंदी फलूदा पनीर घी क्रीम कुल्फी | ई – मेल | ahuja_24@yahoo.com |

## उपलब्धियां

ईशान आहूजा, हरियाणा राज्य के एक उभरते कुल्फी के उत्पादक है वर्ष २०१४-१५ में राष्ट्रीय डेरी अनुसन्धान संस्थान के BPD इकाई में आपने दूध एवं दूध उत्पादकों पर प्रशिक्षण लिया व कुल्फी उत्पादन का फैसला लिया।
आपके उत्पाद की नवीनता यह हे की इसमें कोई भी रासायनिक व कृत्रिम परिरक्षकों का उपयोग नहीं किया गया है। आप प्राकृतिक परिरक्षकों का उपयोग करके १४ अलग-अलग प्रकार की कुल्फियां बनाते हैं ।
आपने कंप्यूटर विज्ञान में परास्नातक व पी। एच। डी स्तर की शिक्षा प्राप्त की है । तत्पश्चात दस वर्षो तक शैक्षणिक संस्था में कार्यरत रहे । राष्ट्रीय डेरी अनुसन्धान संस्थान की BPD इकाई से दस दिवसीय प्रशिक्षण क पश्चात प्रौध्योगिकी व्यवसाय ऊष्मायन कार्यविधि में अपना व्यवसाय संचालित कर रहे हैं। कुल्फी'के साथ ही आप मिल्की जॉय के नाम से आईसक्रीम और दहो के उत्पादन की योजना तैयार कर रहे है । वे विशिष्ट रूप से कुल्फी के उत्पाद में संभव विविधता व व्यापकता को प्रोत्साहित करने में अग्रसर है ।